आतिशबाजी के दौरान 30 वर्षीय युवक व 11 वर्षीय बालक गंभीर घायल, जयपुर रैफर

कोटपूतली। क्षेत्र में दीपावली की रात जहाँ एक तरफ पूरा शहर दीपों की रोशनी और उत्सव के उल्लास में डूबा था, वहीं दूसरी तरफ आतिशबाजी की कुछ चिंगारियों ने दो परिवारों के चिरागों की जिंदगी में गहरा अंधेरा घोल दिया। पटाखों के फटने से हुए दो अलग-अलग दिल दहला देने वाले हादसों ने त्यौहार के रंग में भंग डाल दिया। इन हादसों में 30 वर्षिय युवक व 11 वर्षिय बालक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर रैफर कर दिया गया।

हाथ में ही फट गया पटाखा, अंगूठा और अंगुली हुई अलग : पहला मामला पॉवर हाउस के पास कोटपूतली का है। यहाँ का रहने वाला 30 वर्षीय युवक विक्रम पुत्र उदयसिंह दीपावली की शाम आतिशबाजी कर रहा था। इसी दौरान एक पटाखा जलाते वक्त समय से पहले उसके हाथ में ही भीषण धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि विक्रम के हाथ का अंगूठा और अंगुली कटकर हाथ से अलग हो गए। मौके पर मची चीख-पुकार के बाद लहूलुहान हालत में उसे तुरंत स्थानीय बीडीएम जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया।



पटाखे जलाते समय 30 वर्षीय युवक व 11 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।

- **कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास में 11 साल का मासूम बच्चा दुर्गेश पटाखे चला रहा था। तभी एक पटाखा दुर्गेश के हाथ में ही फट गया और वह बूरी तरह घायल हो गया**

11 साल के बच्चे का कलाई से नीचे का पूरा हाथ उड़ा : दूसरा दर्दनाक हादसा कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास से सामने आया। यहाँ महज 11 साल का मासूम बच्चा दुर्गेश पुत्र जयकिशन घर के बाहर खुशियों के साथ पटाखे चला रहा था। तभी एक अनजाने और तीव्र धमाके वाले पटाखे ने कयामत ढा दी। पटाखा चलाते समय दुर्गेश के हाथ में ही फट गया। इस खौफनाक हादसे में बच्चे की कलाई से नीचे का पूरा हिस्सा (हथेली) बुरी तरह उड गया। मासूम की चीखें सुनकर दौडे परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बच्चे को तुरंत गंभीर और नाजुक अवस्था में यहां के जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ से प्राथमिक चिकित्सा देकर उसे तुरंत जयपुर रैफर किया गया है। फिलहाल जयपुर में डॉक्टरों की विशेष टीम दोनों घायलों के उपचार में जुटी है।

इन दर्दनाक हादसों के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और त्यौहार की खुशियाँ मातम में बदल गई हैं। हर साल प्रशासन और डॉक्टरों द्वारा पटाखे जलाते समय बेहद सावधानी बरतने और बच्चों को बड़ों की निगरानी में ही आतिशबाजी कराने की सलाह दी जाती है, लेकिन जरा सी चूक ने यहाँ दो लोगों की जिंदगी को हमेशा के लिए प्रभावित कर दिया है। इस घटना ने एक बार फिर सभी को झकझोर कर रख दिया है कि पटाखों की थोड़ी सी लापरवाही कितनी जानलेवा और दर्दनाक साबित हो सकती है।


कानून व्यवस्था के लिए पुलिस ने फ्लेगमार्च निकाला

निवाई। दीपावली के त्योहार को सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने एवं पंचायतराज के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व निर्भीक संपन्न करवाने के लिए डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में फ्लेगमार्च निकालकर लोगों को कानून व्यवस्था एवं आचार संहिता की पालना करने लिए प्रेरित किया। पुलिस फ्लेगमार्च गणगौरी बाजार से रवाना होते हुए चौहट्टी बाजार, सर्राफा मार्केट, बिलाला मार्केट, बडा बाजार, पटेल रोड, बस स्टेण्ड होते हुए अहिंसा सर्किल, आदित्य प्लाजा एवं प्रताप स्टेडियम होते हुए वापस पुलिस थाना पहुंचा। इस दौरान डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा ने लोगों को दीपावली के त्यौहारों को सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने एवं पंचायतराज के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व निर्भीक संपन्न करवाने का आ ान किया। इस अवसर पर थानाधिकारी घासीराम मीणा, पुलिस उप निरीक्षक भारती मीणा व पुलिस सहायक उप निरीक्षक कमलेश गुर्जर सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

सार-समाचार

सांभर रंग-बिरंगी रोशनी व सजावट ने लोगों का दिल खुश किया

सांभरझील, (निसं)। धनतेरस और दीपावली पर समूचा नगर रोशनी और सजावट से सरोबार रहा। पृथ्वीराज सर्कल से और पुरानी धान मंडी तक सभी प्रमुख बाजार और घरों पर की गई निराले अंदाज में रोशनी व सजावट ने लोगों का दिल खुश कर दिया। यतिति जी की नसिया के नजदीक कायस्थ समाज के सचिव अखिलेश माथुर ने अपने आवास पर बाहर से बुलाए विशेष कलाकारों की ओर से मकान को दुल्हन की तरह सजवाया। रंग बिरंगी रोशनी से सजाए घर लोगों के लिए यहां की पहली पसंद बना। दुकानदारों और व्यापारियों ने भी दीपावली पर अपने प्रतिष्ठान को अधिक से अधिक सुंदर ढंग से सजाया।



जरूरतमंद परिवारों को बांटे जरूरी सामान

टोंक। पंचायत चुनावों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्थाओं में पुलिसकर्मी जहां अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जुटे हैं, वहीं टोंक पुलिस आमजन के साथ खुशियां बांटने और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभा रही है। इसी क्रम में बरोनी थानाधिकारी जयमल सिंह के नेतृत्व में थाना बरोनी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सोयला, चिरोज, हथौना, पराना एवं जोला सहित विभिन्न गांवों में जरूरतमंद, गरीब एवं घुमंतू परिवारों के बीच मिठाई एवं पटाखों का वितरण किया गया। पुलिस टीम की इस पहल से दीपावली के पर्व पर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान आई और उनके साथ खुशियां साझा करने का अवसर मिला।

भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक महापर्व मनाया

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित दिगंबर जैन नसिया में सोमवार को भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक महापर्व को हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर स्वामी के समक्ष निर्वाण कांड का उच्चारण करते हुए निर्वाण लड्डू अर्पित कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने बताया कि मोक्ष कल्याणक महापर्व के पावन अवसर पर भगवान महावीर का विधि-विधानपूर्वक अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। बाद में भगवान महावीर स्वामी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य करते हुए भगवान के चरणों में भक्तिभावपूर्वक अर्घ्य समर्पित किए। पंडित प्रमोद कुमार शास्त्री द्वारा विधिवत निर्वाण कांड का वाचन किया गया, जिसके साथ ही श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के बीच निर्वाण लड्डू अर्पित कर मोक्ष कल्याणक महापर्व मनाया।

छप्पन भोग की झांकी सजाई

निवाई। इंदिरा कॉलोनी में स्थित श्री श्याम मंदिर में गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर धार्मिक उत्सव की धूम रही। श्री श्याम सेवा समिति के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव को लेकर बाबा श्याम का पूर्ण विधि-विधान से पंचामृत अभिषेक किया ग भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर नयनाभिराम झांकी सजाई गई, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु उमड पडे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव को लेकर मंदिर में विशेष भोग तैयार किया गया। बाबा श्याम को खीर, रामभाजा, मालपुए, बाजरा, पूरी व कढी का भोग लगाया गया।

हर्षोल्लास के साथ की महालक्ष्मी पूजा

निवाई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली महापर्व को श्रद्धा पूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव के चलते हर आंगन में खुशी व उमंग का माहौल था। हर कोई बाजार से सामान लाने में व्यस्त था तो कोई लक्ष्मी पूजन की तैयारियों में व्यस्त था। सभी रंग बिरंगे परिधान पहनकर दीपावली पर्व पर उत्साह पूर्वक काम कर रहे थे। वहीं लोगों ने मोबाईल, व्हाटसप एवं फेसबुक द्वारा एक दूसरे को दिपावली की बधाईयां व शुभाकामना दे रहे थे। रविवार को शुभ मुहुर्त के अनुसार लोगों ने महालक्ष्मीजी की विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कर सुख समृद्वि की कामना की। वहीं महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों में सजकर मंदिरों व घर-घर दीप दान किया। वही बच्चों एवं युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान पटाखों व आतिशबाजी के धमाकों से वातावरण गुंजायमान रहा। लक्ष्मी पूजन के बाद सभी ने एक दूसरे के घर पहुंचकर दीपावली की शुभ कामनाएं एवं बधाईया दी। सोमवार को महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों में सजकर सोमवती माताजी की कहानी सुनी। मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव पर मायला कुण्ड स्थित भोलेश्वर महादेव, दादू दयाल आश्रम, कुंज बिहारी आश्रम, श्याम मंदिर व श्री राधागोपीनाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों में भगवान की मनमोहक झांकियां सजाई ।

पटाखे के बारूद में विस्फोट से 12 वर्षीय बच्चे की दोनों आंखें झुलसीं

चिकित्सकों के अनुसार 90 प्रतिशत तक बर्न, जयपुर रेफर; आर्थिक तंगी के चलते मां ने लगाई मदद की गुहार

अलवर। शहर के एनईबी थाना क्षेत्र स्थित एनईबी चार बटा में मंगलवार सुबह पटाखे के बारूद में अचानक विस्फोट होने से 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी दोनों आंखें बुरी तरह झुलस गईं। चिकित्सकों के अनुसार आंखें करीब 90 प्रतिशत तक बर्न हुई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को जयपुर रेफर किया गया है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मां उसे जयपुर ले जाने में असमर्थ है। ऐसे में परिजनों ने आमजन से मदद की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार बिहार के सुपौल जिले के रहने वाले संतोष यादव अलवर की प्याज मंडी में पल्लेदारी का काम करते हैं। वह अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। उनका 12 वर्षीय बेटा दिलखुश यादव पांचवीं कक्षा में पढ़ता है। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे दिलखुश पटाखे का बारूद निकालकर उससे खेल रहा था। इसी दौरान अचानक बारूद में विस्फोट हो गया और उसकी दोनों आंखें गंभीर रूप से झुलस गईं।

हादसे के बाद बच्चे की मां आसपास के लोगों की मदद से उसे राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय लेकर पहुंची। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया। आर्थिक तंगी बनी इलाज में बाधा परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मां के सामने बच्चे को जयपुर ले जाने और आगे के उपचार का खर्च उठाने की बड़ी चुनौती है। मां अपने बच्चे की आंखों की रोशनी बचाने के लिए मदद की आस लगाए हुए है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आमजन से आर्थिक सहयोग की अपील की है, ताकि बच्चे को बिना देरी के बेहतर उपचार मिल सके।

गंधक-पोटाश पीसते समय हुआ धमाका: 4 बच्चे हुए घायल, 1 जयपुर रेफर; शरीर में घुसे सिलबट्टे के टुकडे भरतपुर । हलैना थाना इलाके के मोलोनी गांव में गंधक-पोटाश पीसते समय अचानक धमाका हो गया। दोनों पदार्थों को एक साथ हिमामदस्ते में कूटते समय अचानक आग लग गई। इसकी चपेट में आकर चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों बच्चे सिलबट्टे पर गंधक और पोटाश पीस रहे थे। धमाका इतना तेज था कि सिलबट्टे के छोटे-छोटे टुकडे हो गए, जो बच्चों के शरीर में घुस गए। उनके नाक, आंख, मुंह और चेहरा झुलस गया। एक बच्चे को जयपुर के हॉस्पिटल रेफर किया गया है, जबकि तीन का भरतपुर में इलाज चल रहा है। पोटाश मिलाते ही हुआ जोरदार धमाका

मोलोनी गांव में बच्चे मौजूद थे जहां गंधक-पोटाश के मिश्रण के कारण अचानक जोरदार धमाका हो गया। इस धमाके में चारों बच्चे घायल हो गए। अस्पताल में इलाज जारी घायल बच्चों में गिरधर को जयपुर के हॉस्पिटल रेफर किया गया है। वहीं, पंकज, मोहित और चिराग का भरतपुर में इलाज चल रहा है। चारों की हालत पर नजर रखी जा रही है।

एसपी ने त्योहार पर ड्यूटी कर पुलिसकर्मियों के बीच मनाई दीपावली

टोंक। रविवार देर रात्रि को जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा शहर की सुरक्षा व्यवस्था देखने निकले। इस दौरान उन्होंने बाजारों और दूसरे इलाकों में ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और अपने हाथों से मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश त्योहार मना रहा होता है, तब पुलिस जवान अपनी ड्यूटी निभाते हैं। इस मौके पर मीणा ने कहा कि दीपावली खुशियों और आपसी प्रेम का त्योहार है, जब पूरा देश इस पर्व को मना रहा होता है, तब पुलिस जवान अपनी ड्यूटी पूरी मेहनत से निभाते हैं। इसी वजह से उन्होंने जवानों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली मनाने का फैसला किया। उन्होंने परिवार के सदस्य की तरह जवानों को मिठाई खिलाई और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होने ने शहरवासियों से दीपावली का त्योहार शांति, आपसी मेलजोल और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने आमजन से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने को भी कहा। इस दौरान एडीशनल एसपी रतनलाल भार्गव, टोंक वृताधिकारी मृत्युंजय मिश्रा, शहर कोतवाल भंवरलाल वैष्णव सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

विधवा महिलाओं को आर्थिक सहायता दी

निवाई। मानव सेवा समिति के तत्वावधान में पुराना बडौदा बैंक, सब्जी मंडी परिसर में सामाजिक सरोकार के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की 85 वृद्ध, असहाय व विधवा महिलाओं को प्रति महिला 100 रुपये के हिसाब से कुल 8 हजार 500 रुपये की नकद आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान मानव सेवा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल गिन्दोडी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधवा व असहाय लोगों की सेवा करना ही सबसे बडी मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रयेक सक्षम व्यक्ति को मानव कल्याण के इस पुनीत कार्य में आगे आकर निरंतर अपनी सेवा देते रहना चाहिए। इस अवसर पर समिति के शंकर घाटा व नरेशकुमार बुकसेलर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

निवाई में कचरा व सीवेज वेस्ट डालने से ग्रामीणों में रोष

- **एसडीएम गंभीर सिंह व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कचरा व सीवेज नहीं डालने की माँग की**

निवाई। ग्राम पंचायत गुड्डा आनंदपुरा के छोटी बरथल, बड़ी बरथल व चकविजयपुरा में नगर पालिका प्रशासन द्वारा डाले जा रहे कचरे एवं सीवेज वेस्ट को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर टीना डाबी, उपखंड अधिकारी गंभीर सिंह व तहसीलदार सृष्टि जैन को ज्ञापन सौंपकर कचरा व सीवेज नहीं डालने की माँग की है। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा गाँव के समीप कचरा संग्रहण केंद्र बनाकर शहर का पूरा कचरा व सीवेज का दूषित वेस्ट डाला जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कचरा संठाहण केंद्र वन विभाग की संरक्षित भूमि, चरागाह भूमि एवं ग्रामीणों की उपजाऊ कृषि भूमि पर स्थित है। खुले में कचरा व सीवेज डालने से पूरे क्षेत्र में असहनीय दुर्गंध एवं भयंकर प्रदूषण फैल रहा है, जिससे गोवंश सहित अन्य मवेशियों में गंभीर व प्राणाघातक बीमारियाँ फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों व नेशनल ठाीन ट्रिब्यूनल के नियमों का हवाला देते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण नियमों एवं मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस कचरा संग्रहण केंद्र को आबादी, चरागाह व कृषि भूमि से दूर स्थानांतरित नहीं किया गया, तो उन्हें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में हनुमान योगी गुड्डा, रामेश्वर मीणा, लालचंद मीणा, रामजीलाल नाथ, पूरणमल बैरवा, ब्रह्मानंद मीणा, रामलाल मीणा, राजाराम मीणा, धर्मराज मीणा, श्रीराम मीणा, रामेश्वर मीणा, अक्षय मीणा, किशन जाट, मन्नालाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, गोपीचन्द मीणा, पप्पूलाल मीणा, रामभजन गुर्जर, किशन जाट, पूरण बैरवा, सीताराम फोजी, कमल मीणा व रामप्रसाद मीणा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

हार्ट अटैक मरीज को चुनाव ड्यूटी में दोबारा अटैक आया

टोंक। जलदाय विभाग में कार्यरत हार्ट के मरीज की चुनाव में ड्यूटी नहीं लगाने की मांग के बावजूद भी उसकी ड्यूटी लगाई गई। वहीं ड्यूटी के दौरान कर्मचारी को दूसरी बार अटेक आ जाने से उसको जयपुर रेफर किया गया है, जिसके बाद बवाल मच गया। जिसके बाद प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने एवं एक करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है। जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक को प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन (इन्टक) के प्रदेश संरक्षक राजेश कुमार चौहान ने एक ज्ञापन सौंपकर बीमार और गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्माचरियों की चुनाव ड्यूटी लगाने संबंधी मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। यूनियन का कहना है कि जलदाय विभाग के कर्मचारी मोहम्मद लुकमान के हार्ट अटैक का मरीज होने के बावजूद उसकी चुनाव ड्यूटी लगा दी गई, जब की उसकी चुनाव ड्यूटी हटाने के लिए बार-बार प्रयास के बाद भी जबरन ड्यूटी लगा दी गई। जिसके चलते चुनाव ड्यूटी के दौरान ही लुकमान को दोबारा अटैक आ गया जिसको अब गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया था।

वह अब जयपुर में भर्ती हैं। यूनियन प्रदेशाध्यक्ष का आरोप है कि इसके बावजूद जानबूझकर ड्यूटी से मुक्त नहीं किया गया और चुनाव ड्यूटी लगा दी गई। चुनाव ड्यूटी के दौरान ही लुकमान को अटैक आ गया।

खोया पाया

राजस्थान आवासन मण्डल मालवीय नगर जयपुर, मकान नम्बर 10/871, शारदा प्रसाद राय के नाम से जारी अदैय प्रमाणपत्र न.413/4/9/2091 कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- सुभाष महेश्वरी- 9466725195

नाम परिवर्तन

मैं, बसंती, पत्नी श्री कैलाश चंद बोहरा, निवासी 49, सेन कॉलोनी, प्रेम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर, एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बसंती से बदलकर बसंती देवी कर लिया है तथा भविष्य में सभी प्रयोजनों एवं दस्तावेजों में मुझे बसंती देवी के नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

मैं, गौरव, पुत्र श्री कैलाश चंद बोहरा, निवासी 49, सेन कॉलोनी, प्रेम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर, एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम गौरव से बदलकर गौरव बोहरा कर लिया है तथा भविष्य में सभी प्रयोजनों एवं दस्तावेजों में मुझे गौरव बोहरा के नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

मैं, भरत कुमार (पुत्र ओमप्रकाश), निवासी फ्लैट नं. B310, तीसरी मंजिल, उन्नित विहार, लोहामंडी रोड, हरमाड़ा, जयपुर, राजस्थान, ने भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपना नाम भरत कुमार ओ (BHARATH KUMAR O) से बदलकर भरत कुमार (BHARATH KUMAR) कर लिया है। भविष्य में मुझे भरत कुमार के नाम से जाना जाएगा जरिये शपथपत्र 10.11.2026, नोटरी पब्लिक, जयपुर

मैंने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम यतीश कुमारसे बदलकर यतीश शर्मा रख लिया है। निवासी-25-B, बैनाड़ रोड, रमेश विहार, श्याम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर

भामाशाह ने पेश की सेवा की मिसाल, दो मोक्षधामों के द्वार पर लगवाएंगे ग्रेनाइट



फुलेरा शहर के मोक्षधाम द्वार पर पूर्व पार्षद अनिल शर्मा (टीटू) ने ग्रेनाइट लगवाने की घोषणा की ।

- **करीब 3.25 लाख रुपए की लागत से 1400 वर्गफीट ग्रेनाइट लगाने की दी सहमति, पूर्व में भी मोक्षधाम व मंदिरों में करवा चुके हैं जनसेवा के कार्य**

फुलेरा। शहर के हलवाई बाजार निवासी 98 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेविका बैकुंठी देवी गुप्ता के अंतिम संस्कार में शहर के पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज आहुजा, वरिष्ठ व्यापारी केपी गगरानी सहित कई पार्षद, पूर्व पार्षद, गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी बंधु शामिल हुए। इस दौरान मोक्षधाम में चर्चा के दौरान प्रतिष्ठित लोगों की ओर से पूर्व पार्षद, कुशल मार्बल व्यवसायी एवं भामाशाह अनिल शर्मा (टीटू) से मोक्षधाम के मुख्य द्वार पर ग्रेनाइट लगवाने का आग्रह किया गया। इस पर अनिल शर्मा (टीटू) ने सहर्ष सहमति देते हुए शहर के मोक्षधाम के साथ-साथ बलाई समाज मोक्षधाम के मुख्य द्वार पर भी ग्रेनाइट लगवाने की घोषणा की। दोनों स्थानों पर कुल करीब 1400 वर्गफीट ग्रेनाइट लगाया जाएगा, जिस पर मजदूरी सहित लगभग 3.25 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। इस पुनीत पहल पर अंतिम संस्कार में मौजूद प्रबुद्धजनों ने अनिल शर्मा (टीटू) की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोक्षधाम का विकास केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि अंतिम यात्रा को गरिमापूर्ण बनाने का प्रयास है। शहर के मोक्षधाम एवं मुक्तिधाम स्वच्छ, सुंदर और हरित होने चाहिए, ताकि अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों को भी सुविधा और शांति मिल सके। अनिल शर्मा (टीटू) इससे पूर्व भी मोक्षधाम में नारियल तोड़ने की मशीन एवं वाटर कूलर लगवा चुके हैं। इसके अलावा शहर के कई मंदिरों में स्वैच्छिक रूप से ठोनाइट लगवाने में सहयोग किया है। वहीं श्री रेलवे रामलीला एवं सांस्कृतिक समिति को भी रामलीला मंच के फर्श पर ग्रेनाइट लगवाने की घोषणा कर चुके हैं।

अनिल शर्मा (टीटू) किशनगढ़ में मार्बल व्यवसाय से जुड़े हैं तथा दो बार नगर पालिका पार्षद रह चुके हैं। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी शहर में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित कर रही है।

नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों का सम्मान

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के राजयोग भवन में नगर परिषद सभापति व सदस्यों के साथ स्नेह-मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की 90 वर्षों की गौरवशाली आध्यात्मिक यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। समारोह में सभापति मयंक गोयल सहित पक्ष एवं विपक्ष के पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं पार्षदों का तिलक लगाकर तथा माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा ईश्वरीय सौगात के साथ परमात्म स्मृति में तैयार प्रभु प्रसाद भेंट किया गया। सभी अतिथियों ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से कुछ समय गहन शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मिक शांति का अनुभव किया। पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण एवं आपसी स्नेह की अनुभूति देखने को मिली। इस अवसर पर सभापति मयंक गोयल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान देश-विदेश में मानव कल्याण, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक जागृति के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। यहां आकर राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मन को अद्भुत शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का हिस्सा होना चाहिए।

कृषि उपज मंडी में आज से पुनः व्यापार शुरू

निवाई। कृषि उपज मंडी में दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में छह दिवसीय अवकाश की समाप्ति के बाद कार्तिक शुक्ल द्वितीया भाई दूज के पावन पर्व पर बुधवार से मंडी परिसर में जिंसों की खरीद-फरोख्त का कार्य विधिवत रूप से पुनः शुरू किया जाएगा। व्यापार मंडल के ताराचन्द बोहरा, दीपक गुप्ता एवं राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर कृषि उपज मंडी में 5 से लेकर 10 नवंबर तक अवकाश घोषित किया गया था। 6 दिवसीय अवकाश के दौरान मंडी में सभी प्रकार की जिंसों की नीलामी व व्यापारिक लेन-देन पूरी तरह स्थगित रही, जिससे व्यापारी व श्रमिक अपने परिवारों के साथ दीपोत्सव का आनंद ले सके। उन्होंने बताया कि मंडी परिसर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में बुधवार को सुबह 10:41 बजे शुभ मुहूर्त में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान लक्ष्मीनारायण की विधि-विधान से पूजा कर सुख, समृद्धि व उत्तम व्यापार की मंगल कामना की जाएगी।

निवाई पुरानी तहसील कार्यालय में आग लगी

निवाई। कस्बे में स्थित पुरानी तहसील कार्यालय में सोमवार की रात करीब 8:30 बजे अचानक किन्ही कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिसकी चपेट में राजस्व रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। सोमवार रात करीब 8:46 बजे जब आसपास के नागरिकों ने भवन की खिडकियों से धुआं व लपटें उठती देखी तो उन्होंने तत्काल फायर स्टेशन पर फोन से घटना की सूचना दी। सूचना पर अग्निशमन केंद्र से फायरमैन अजय यादव, सुरेश मीणा व चालक महावीर यादव तत्परता दिखाते हुए दमकल के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए। तहसील कार्यालय तक जाने वाले रास्ते संकरे व तंग होने के कारण भारी अग्निशमन वाहन को अवरोध का सामना करना पडा और वह मौके तक नहीं पहुंचा। स्थिति की नजाकत को देखते हुए फायरमैन अजय यादव पैदल ही घटनास्थल पर पहुंचे। तो वहां राजस्व रिकॉर्ड रूम में भीषण आग लगी हुई थी और दस्तावेज जल रहे थे। फायरमैन अजय यादव, सुरेश मीणा व चालक महावीर यादव ने तुरंत प्रभाव से लंबी हौज पाइप को संकरी गलियों से होते हुए फैलाया और कड़ी मशक्कत के बाद पानी की बौछारें शुरू कर आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया। काफी प्रयासों के बाद प्राथमिक तौर पर आग की लपटों को दबाया गया, लेकिन रिकॉर्ड व कागजातों के मलबे से सुलगती चिंगारियों के कारण आग के दोबारा भडक़ने का खतरा बना हुआ था। जिसको देखते हुए नियंत्रण कक्ष निवाई व टोंक से दो और अग्निशमन वाहन मंगवाया गया।



नगर निगम जयपुर

(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांकःएफ-6()उपा.राज.-द्वितीय (सा.प्र.)/ननिज./2026/1020 दिनांक-6/11/26

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में ट्रक स्टेण्ड, जयपुर में स्थित दुकान संख्या 44, ट्रक स्टेण्ड, जयपुर का आवंटन / पट्टा मैसर्स मोर्डन टायर रिईडिंग एण्ड वुलकेजाईनिंग वर्क्स के नाम से जारी किया गया था।

अब उक्त दुकान संख्या 44, ट्रक स्टेण्ड, जयपुर क्षेत्रफल 41.82 वर्गमीटर का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा का विभिन्न पंजीकृत /अपंजीकृत श्रृंखलाबद्ध एवं शपथ पत्र आदि दस्तावेजों के आधार पर उक्त दुकान का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा श्री शिवचरण लाल गुप्ता पुत्र श्री जमना लाल निवासी ए-23-24, ज्योति नगर, हिण्डौन, करौली दूरभाष नं. 9414401342 द्वारा चाहा गया है।

अतः उक्त दुकान संख्या 44, ट्रक स्टेण्ड, जयपुर क्षेत्रफल 41.82 वर्गमीटर का पत्रावली पुनर्गठन उपरान्त लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा श्री शिवचरण लाल गुप्ता पुत्र श्री जमना लाल निवासी ए-23-24, ज्योति नगर, हिण्डौन, करौली के पक्ष में किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी अथवा अन्य हितसम्बद्ध व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयः उपायुक्त, राजस्व द्वितीय, कक्ष सं. 227 प्रथम तल, नगर निगम जयपुर मुख्यालय, लाल कोठी जयपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार उक्त दुकान का पत्रावली पुनर्गठन उपरान्त लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व द्वितीय) नगर निगम जयपुर